संख्या 915/43–2–2008–15/2(7)/07टी0सी

प्रेषक,

नागेश्वर नाथ उपाध्याय,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

प्रशासनिक सुधार अनु0–2 लखनऊः दिनांकः 31 जुलाई, 2008

विषयः **लोक प्राधिकरणों, जन सूचना अधिकारियों तथा अपीलीय अधिकारियों के लिये मार्गदर्शिका का वेबसाइट पर अपलोड कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रशासनिक सुधार अनुभाग–2 के शासकीय पत्र संख्या–भा0स15/43–2–2008, दिनांक 14 जुलाई, 2008, भा0स16/43–2–2008, दिनांक 14 जुलाई, 2008 तथा भा0स19/43–2–2008, दिनांक 14 जुलाई, 2008 जो कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत क्रमशः लोक प्राधिकरणों, जन सूचना अधिकारियों तथा अपीलीय अधिकारियों के मार्गदर्शिका से सम्बन्धित है, का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2– इस सम्बन्ध में मुख्य सचिव ने अपेक्षा की है कि सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के प्रावधानों के तहत उपरोक्त संदर्भित पत्रों के माध्यम से प्रेषित तीनों मार्गदर्शिकाओं को शासन के समस्त विभागों के वेबसाइट पर अपलोड कराया जाय।

उक्त के दृष्टिगत मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि लोक प्राधिकरणों, जन सूचना अधिकारियों तथा अपीलीय अधिकारियों हेतु प्रेषित मार्गदर्शिका को अपने–अपने विभाग के वेबसाइट पर अपलोड कराने की कार्यवाही सुनिश्चित कराकर कृत कार्यवाही की सूचना प्रशासनिक सुधार अनुभाग–2 को अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

N. N. U.

(नागेश्वर नाथ उपाध्याय)
प्रमुख सचिव।